भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2007

दिनांक 06 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

चिकित्सा महाविद्यालयों में यूजी/पीजी में प्रवेश

2007. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में सरकारी और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार यूजी और पीजी चिकित्सा की कुल कितनी सीटें हैं;

(ख) क्या निजी चिकित्सा महाविद्यालयों से प्राप्त की जा रही कुल सीटों में से 50 प्रतिशत सीटें सरकारी कोटे के अंतर्गत भरी जानी हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अखिल भारतीय सीटों के अंतर्गत अनिवासी भारतीयों के लिए सीटों का निर्धारित प्रतिशत कितना है?

(घ) देश में विशेषकर पुडुचेरी में सरकारी और निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार यूजी और पीजी चिकित्सा की कुल कितनी सीटें हैं;

(ङ) क्या संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी में निजी चिकित्सा महाविद्यालयों से यूजी और पीजी चिकित्सा में प्रवेश के लिए 50 प्रतिशत सीटें केन्द्रीकृत प्रवेश समिति के माध्यम से भरी जाती हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी में अनिवासी भारतीयों के लिए कुल कितनी सीटें निर्धारित की गई हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (च): सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई है और इसके बाद एमबीबीएस और पीजी सीटों में भी बढ़ोतरी की है। देश में अभी कुल 1,18,137 एमबीबीएस और 73,157 स्नातकोत्तर सीटें हैं। देश में स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 15% सीटें और पीजी की 50% सीटें तथा डीम्ड विश्वविद्यालयों की सभी सीटें अखिल भारतीय कोटे के माध्यम से भरी जाती हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों की शेष सीटें और निजी मेडिकल कॉलेजों की सीटें संबंधित राज्य परामर्श प्राधिकरणों के माध्यम से भरी जाती हैं। इसके अलावा,

डीम्ड विश्वविद्यालयों की कुल अखिल भारतीय सीटों में से 15% एनआरआई के लिए निर्धारित हैं। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए पुडुचेरी में अखिल भारतीय कोटे की सीटें इस प्रकार हैं:

i. एमबीबीएस सीटें

  क. इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, पुडुचेरी (सरकारी संस्थान) - 37 सीटें

  ख. श्री लक्ष्मी नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पुडुचेरी (डीम्ड विश्वविद्यालय) - 250 सीटें

  ग. आरुपदाई वीडू मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, पुडुचेरी (डीम्ड विश्वविद्यालय) - 150 सीटें

ii. स्नातकोत्तर सीटें

  क. श्री लक्ष्मी नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पुडुचेरी (डीम्ड विश्वविद्यालय) - 63 सीटें

  ख. इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, पुडुचेरी (सरकारी संस्थान) - 27 सीटें

*****

दिनांक 06/12/2024 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2007 के उत्तर के भाग (क) से (च) में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक

वर्ष 2024-25 के लिए यूजी सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	सरकारी सीटें	निजी सीटें	कुल सीटें
1	अंडमान और निकोबार द्वीप	114	0	114
2	आंध्र प्रदेश	3385	3400	6785
3	अरुणाचल प्रदेश	100	0	100
4	असम	1650	0	1650
5	बिहार	1645	1350	2995
6	चंडीगढ़	150	0	150
7	छत्तीसगढ़	1755	700	2455
8	दादरा और नागर हवेली	177	0	177
9	दिल्ली	1247	2 50	1497
10	गोवा	200	0	200
11	गुजरात	4250	3000	7250
12	हरियाणा	835	1350	2185
13	हिमाचल प्रदेश	770	150	920
14	जम्मू और कश्मीर	1239	100	1339
15	झारखंड	805	250	1055
16	कर्नाटक	3800	8 745	12545
17	केरल	1755	3150	490 5
18	मध्य प्रदेश	2700	2500	5200
19	महाराष्ट्र	6025	5820	11845
20	मणिपुर	375	150	525
21	मेघालय	50	150	200
22	मिजोरम	100	0	100
23	नागालैंड	0	100	100
24	ओडिशा	1725	1000	2725
25	पुडुचेरी	380	1450	1830
26	पंजाब	850	1000	1850
27	राजस्थान	4425	2050	6475
28	सिक्किम	0	150	150
29	तमिलनाडु	5450	6600	12050
30	तेलंगाना	4290	4750	9040
31	त्रिपुरा	175	250	425
32	उत्तर प्रदेश	5575	6850	12425
33	उत्तराखंड	800	600	1400
34	पश्चिम बंगाल	3625	1850	5475
कुल		**60422**	**57715**	**118137**

वर्ष 2024-25 में देश में पीजी सीटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	सरकारी सीटें	निजी सीटें	कुल सीटें
1	आंध्र प्रदेश	1979	1673	3652
2	असम	742	0	742
3	बिहार	910	446	1356
4	चंडीगढ़	585	0	607
5	छत्तीसगढ	479	132	589
6	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	10	0	10
7	दिल्ली	2889	49	2938
8	गोवा	149	0	149
9	गुजरात	2292	828	3120
10	हरियाणा	434	524	958
11	हिमाचल प्रदेश	270	92	362
12	जम्मू और कश्मीर	606	51	657
13	झारखंड	272	0	272
14	कर्नाटक	1983	4923	6906
15	केरल	1095	911	2006
16	मध्य प्रदेश	1555	1032	2587
17	महाराष्ट्र	3615	2733	6348
18	मणिपुर	255	0	255
19	मेघालय	37	0	37
20	ओडिशा	736	521	1257
21	पुडुचेरी	329	747	1076
22	पंजाब	408	413	821
23	राजस्थान	2311	1291	3602
24	सिक्किम	0	34	34
25	तमिलनाडु	2803	2536	5339
26	तेलंगाना	1522	1824	3346
27	त्रिपुरा	89	8	97
28	उत्तर प्रदेश	2482	2189	4671
29	उत्तराखंड	1578	336	1914
30	पश्चिम बंगाल	1793	365	2158
कुल		**34208**	**23658**	**57866***

*** एनबीईएमएस सीटों को छोड़कर (डीएनबी = 11472, एफएनबी सीटें = 590, पोस्ट एमबीबीएस डिप्लोमा = 3229)**

कुल पीजी सीटें = 57866 + 11472+ 590+ 3229= 73157

नोट: वर्ष 2024-25 के लिए डेटा एनएमसी द्वारा नए कॉलेजों/सीटों की वृद्धि के लिए अनुमति देने और कॉलेजों/सीटों के लिए अनुमति वापस लेने पर भिन्न हो सकते हैं।

*****